मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-242
07/04/2023

# मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत टनल खुदाई कार्य का किया शुभारंभ

पटना, 07 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मोइन–उल–हक स्टेडियम में पटना मेट्रो रेल परियोजना अंतर्गत टनल बोरिंग मशीन का बटन दबाकर टनल खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पटना मेट्रो रेल परियोजना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को वृत्तचित्र के माध्यम से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष पटना मेट्रो के निर्माण कार्य से संबंधित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया, इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं और जल्द से जल्द इसे पूरा करें। पटना मेट्रो रेल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो के प्रतीक चिह्न का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुणीश चावला, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो ट्रेन कई जगहों पर जमीन के ऊपर एवं कहीं पर अंडरग्राउंड चलेगी। यहां पर मेट्रो स्टेशन भी जमीन के अंदर ही बनेगा। यह जब बनकर तैयार हो जायेगा तो काफी बढ़िया दिखेगा। पिछले साल हमलोग यहां आकर अंडरग्राउंड कार्य को शुरु करवाये थे। अब आगे का काम यहां शुरु हो गया है। हम चाहते हैं कि और तेजी से काम हो। दिल्ली में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय मेट्रो का काम शुरु हुआ था। उस समय भी हम वहां के काम को देखे थे। यहां पर मेट्रो का निर्माण वही लोग कर रहे हैं और निर्माण कार्य काफी अच्छे ढंग से हो रहा है। मेट्रो का निर्माण हो जाने से पटना के लोगों को काफी सहूलियत होगी। यहां पर तेजी से काम हो रहा है, उसे देखने के लिए हमलोग यहां आये हैं। जब यह बन जायेगा तो सभी लोग मेट्रो से चलेंगे। हमलोग चाहते हैं कि तेजी से इसका निर्माण हो। इसको लेकर जो कुछ भी जरुरी है हमलोग कर रहे हैं। सभी लोग अच्छा काम कर रहे हैं। पटना में कई जगहों पर मेट्रो निर्माण का काम चल रहा है। जितनी जल्द पटना मेट्रो का निर्माण हो जायेगा उतना ही अच्छा होगा। इसके लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। फंड की व्यवस्था पहले से की हुई है। जायका से 60 प्रतिशत फंड आना है। इसको लेकर एग्रीमेंट हो गया है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जायका से फंड मिल रहा है। सभी लोग मिलकर तेजी से काम कर रहे हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं होगी। जमीन की व्यवस्था राज्य सरकार को करनी है, वह कर दिया गया है। मेट्रो निर्माण को लेकर कहां पर क्या काम होना है वह सब पहले से निर्धारित

कर दिया गया है। मेट्रो निर्माण के काम में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हो, इसको लेकर राज्य सरकार के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। पटना मेट्रो निर्माण का सपना जल्द पूरा होगा। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के समय देश में मेट्रो के निर्माण का काम शुरु हुआ था। उसी के आधार पर केंद्र सरकार ने यहां पर मेट्रो निर्माण को लेकर एप्रूवल दिया था और यहां पर काम हो रहा है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जायका के सहयोग से यहां पर मेट्रो का निर्माण हो रहा है। हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द इसका निर्माण हो जाये। इसके लिए जो कुछ भी करना है उसे हमलोग कर रहे हैं।

कोरोना से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की प्रतिदिन की रिपोर्ट मेरे पास आती है। बिहार में अभी भी कोरोना को लेकर टेस्टिंग प्रतिदिन हो रही है। देश में 10 लाख की आबादी पर कोरोना की औसत जांच 6 लाख के करीब है जबकि बिहार का 8 लाख से ज्यादा है। बिहार में निरंतर काफी जांच की जाती है। कोरोना संक्रमण के कोई मामले सामने नहीं आने के बावजूद कोरोना की जांच लगातार होती रहती है। सभी जगहों पर कोरोना की जांच कराते रहने का हमने पहले से ही निर्देश दिया हुआ है। इधर कोरोना संक्रमण पटना समेत कई जिलों में बढने लगा है। इसको लेकर सभी को अलर्ट रहना है। बिहार में कोरोना संक्रमण के कारण दो लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसको लेकर सरकार की पूरी तैयारी है। किसी को कोई दिक्कत नहीं होगी। बिहार में एक सप्ताह पहले तक कोरोना की वैक्सीन लोगों को लगाई जा रही थी। अभी वैक्सीन खत्म हो गया है जिसके कारण वैक्सीनेशन नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वो जल्दी से जल्दी वैक्सीन उपलब्ध कराये ताकि वैक्सीनेशन भी चलता रहे। जितना जल्द वैक्सीन उपलब्ध होगा उतना ही अच्छा होगा। वर्ष 2020 में कोरोना के शुरु से लेकर आजतक की कोरोना की प्रतिदिन की रिपोर्ट मेरे पास है। कोरोना से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को बिहार सरकार 4 लाख रुपये देती है। 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में भी इसको लेकर मामले मेरे पास आते हैं। इसको लेकर जांच करायी गई है जिनको अभी यह सहायता राशि नहीं मिली है उनको भी जल्द मिल जायेगी।

*******